e-Newsletter

# e- News Letter CMPDIL

January 2022

## 73वां गणतंत्र दिवस



दिनांक 26.01.2022 को सीएमपीडीआई (मुख्यालय) में 73 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा वहाँ उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गया। इस अवसर पर सुरक्षाकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मा. नित भी किया गया।

अपने अभिभाषण में श्री कुमार ने कहा कि प्रमाणित श्रेणी के कोयला संसाधन को 1976 के 21 बिलियन टन के स्तर से अपैल-2021 तक 177 बिलियन टन किया गया है जिसमें अधिकांश कार्य सीएमपीडीआई द्वारा ही किया गया है। 11 भूवैज्ञानिक रिपोर्ट

द्वारा दिसम्बर, 2022 तक लगभग 5.16 बिलियन टन प्रमाणित कोयला संसाधन (प्रमाणित कैटेगरी) में वृद्धि हुई है तथा इस वर्ष लगभग 6.5 बिलियन टन अतिरिक्त कोयला प्रमाणित श्रेणी में वृद्धि होने की संभावना है।

आगे श्री कुमार ने कहा कि सीएमपीडीआई ने 600 लाइन किलोमीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे के लक्ष्य के मुकाबले 19 जनवरी 22 तक लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करते हुए 761 लाइन किलोमीटर सिस्मिक सर्वे किया है।

आगे उन्होंने यह भी कहा कि सड़क परिवहन और पर्यावरणीय खत. रों को कम करने के लिए  खान से रेल साइडिंग तक कोयला परिवहन के मशीनीकरण से लेकर रेल वैगन में स्वाचालित लोडिंग तक की 415 मिलियन टन क्षमता वाली 35 फर्स्ट माइल कनेक्टिविटि (एफएमसी फेज-1 )परियोजनाओं की सीआईएल ने शुरूआत की है ।

जिसमें सीएमपीडीआई की भूमिका अहम है। 35 परियोजनाओं में से, 6 परियोजनाएं पहले ही चालू हो चुकी है और 28 परियोजनाएं निर्माणधीन है।

कोल इंडिया में कोयला गैसीकरण का विकास हेतु सीएमपीडीआई ने कोयला गैसीकरण संयंत्र विकसित करने के लिए ईसीएल, एसईसीएल और डब्ल्यूसीएल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर















हस्ताक्षर किए गए है जबकि सीसीएल के साथ भी एमओए पर हस्ताक्षर प्रक्रियाधीन है। सीएमपीडीआई द्वारा इसीएल, डब्ल्यूसीएल और एसईसीएल में गैसीकरण परियोजना के लिए विस्तृत रिर्पोट तैयार कर ली गयी है। इन परियोजनाओं से मेथानॉल, अमोनिया, अमोनिया नाइट्रेट और सिंथेसिस नेचुरल गैस का उत्पादन किया गया है। सीएमपीडीआई ने वॉल्यूमेट्रिक मेजरमेंट और टोपोग्राफिकल मैपिंग के लिए ड्रोन को उपयोग में लाया गया है जो अब पूरी तरह से चलन में है। वर्तमान में बीसीसीएल में ड्रोन तैनात किए गए हैं जहां झरिया कोयला क्षेत्रों में आग के कारण 595 अनस्टेबल एरियाज की स्कैनिंग की जा रही है ताकि इसकी वर्तमान स्थिति के विश्लेषण के लिए हाई रिजोल्यूशन इमेज तैयार की जा सकें।

## गोंडवाना प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस

गोंडवाना प्राइमरी में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। श्रीमती रूपाली गुप्ता (अध्यक्षा, गोंडवाना प्राथमिक विद्यालय) ने स्कूल में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकायें तथा स्टॉफ








# e-Newsletter

# 73वां गणतंत्र दिवस

सीएमपीडीआई के सभी क्षेत्रीय संस्थानों में भी 73 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। जहां सभी क्षेत्रीय निदेशकों ने ध्वजारोहण कर अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया।



क्षेत्रीय संस्थान-1 आसनसोल



क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद



क्षेत्रीय संस्थान-4, नागपुर




क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर



क्षेत्रीय संस्थान-6, सिंगरौली



क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर

## सीएमपीडीआई डिस्पेंसरी में बुस्टर/प्री-कॉक्शनरी का थर्ड डोज




सीएमपीडीआई के डिस्पेंसरी में फ्रंटलाइन वर्कर्स/वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत बुस्टर/प्री-कॉशनरी तीसरी डोज की शुरूआत सभी सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए किया गया।

# कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल का सीएमपीडीआई दौरा



दिनांक 22.01.2022 को, कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सीएमपीडीआई का दौरा किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने सीएमपीडीआई की उपलब्धियों सहित इंटरप्राइज रिर्सोस प्लानिंग (ईआरपी) के अनुपालन, ड्रोन से संबंधित सत्यापन का अध्ययन/स्थिति, ई-ऑक्शन स्टेटस एवं ब्लास्टिंग और ब्लास्टिंग रहित खनन पद्धति (एक्सेट्रिक रीपर के साथ) के बीच लागत की तुलना जैसे बिन्दुओं पर जानकारी दी।

# सीएमपीडीआई में कोल सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजिकल रोडमैप पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




दिनांक 18.01.22 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सीएमपीडीआई में कोयला क्षेत्र के लिए तकनीकी रोडमैप पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य भारत में कोयला खनन क्षेत्र में 'तकनीकी परिवर्तन' की राह पर चलना है ताकि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

इस कार्यशाला में गवेषण, भूमिगत कोयला खनन, कोयला परिवहन, भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी और खान संचार में नई तकनीकी को प्रस्तुत किया गया। उपकरण निर्माताओं और अन्य लोगों को नवीनतम और नवीन उत्पादों/प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हुए कुल 24 तकनीकी प्रस्तुतियां दी गईं।

# सेवानिवृत्ति सीएमपीडीआई (मुख्यालय)



श्री एस भट्ट
महाप्रबंधक (भूविज्ञान), गवेषण विज्ञान



श्री अजय कुमार
महाप्रबंधक (सिविल, (सिविल विभाग)



श्री ए.के. शाहदेव
मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), ई एण्ड एम विभाग



श्री निरंजन प्रसाद
सहायक फोरमैन (इलेक्ट्रोनिक), नगर अभियंत्रण विभाग



श्री नवल किशोर मल्लिक
वरीय फरास (सुरक्षा), कार्मिक एवं प्रशासन विभाग



श्री मनोज कुमार मिश्रा
कोल लैब टेक्निशियन, सी सी लैब

दिनांक 31.01.2022 को सीएमपीडीआई (मुख्यालय) के 6 सदस्यों को विदाई दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ, मान-पत्र, प्रतिक चिन्ह व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया।

# सेवानिवृत्ति, क्षेत्रीय संस्थान-1





क्षेत्रीय संस्थान-1 आसनसोल से 31.01.2022 को श्री राम पडिंत, महाप्रबंधक (गवेषण), गवेषण विभाग, श्री दिलीप कुमार सरकार, पंप ऑपरेटर, सिविल विभाग, श्री शोभनाथ मिश्रा, स्टोर कीपर, गवेषण विभाग,

श्री चंद्रभान राम, सहायक सुपरवाइजर (ट्रांसपोर्ट), पर्यावरण विभाग एवं श्री तपन कुमार माझी, ऑफिस सुपरिन्टेन्डेट, वित्त विभाग की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह को आयोजन किया गया।

इस इवसर पर क्षेत्रीय निदेशक श्री इरशाद अहमद ने सभी के खुशी, समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।





# सेवानिवृत्ति, क्षेत्रीय संस्थान-3








क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची से 31.01.2022 को श्री रवि रंजन, विभागाध्यक्ष (असैनिक एवं पर्यावरण), श्री अमलेंदु कुमार घोष, भण्डारपाल, ग्रेड-1 (वि एवं या) विभाग एवं श्री राजेन्द्र राम, सफाई कर्मचारी कैट-4 की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

# नॉलेज शेयरिंग सत्र






क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद में जनवरी-2022 में 13 वां नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया जिसमें सीबीएम की प्रक्रिया और सीएमएम निष्कर्षण, भारत में सीबीएम ब्लॉकों की स्थिति, सीबीएम ब्लॉकों के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सीएमपीडीआई (मुख्यालय) में सूर्य नमस्कार का आयोजन




दिनांक 14 जनवरी 2022 को एक आभासी प्रेस मीट में आयूष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशोनुसार, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मकर संक्राति के अवसर पर सीएमपीडीआई के कर्मियों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। यह एक सिद्ध तथ्य है कि सूर्य नमस्कार जीवन शक्ति और प्रतिरक्षा का निर्माण करता है। सीएमपीडीआई तथा इसके सभी क्षेत्रीय संस्थानों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।










# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर डिजाइनिंग तथा टैगलाइन लेखन का आयोजन
























**सीएमपीडीआई ( मुख्यालय ) में आजादी की अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर डिजाइनिंग तथा टैगलाइन लेखन का आयोजन किया गया जिसमें** अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और **उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।**